तेरे दर पे आया सुदामा भिखारी

आओ कन्हैया, आओ मुरारी,
तेरे दर पे आया सुदामा भिखारी ॥
तेरे दर पे आया सुदामा पुजारी ॥
आओ कन्हैया, आओ मुरारी...

क्या मैं बताऊँ, क्या मैं सुनाऊँ,
एक दुःख नहीं जो मैं मन में छिपाऊँ ।
घट-घट की जानते हो, तुम सब मुरारी,
तेरे दरपे आया सुदामा भिखारी ॥
आओ कन्हैया, आओ मुरारी...

ना तो डगर है, ना कोई घर है,
फटे हुए कपड़े हैं, तुझे सब खबर है ।
क्या तुम परीक्षा, लेते हमारी,
तेरे दरपे आया सुदामा भिखारी ॥
आओ कन्हैया, आओ मुरारी...

नैनों में आँसू, उठे ना कदम है,
आवो कन्हैया अब तो, होठों पे दम है ।
जरा आ के देखो, दशा तो हमारी,
तेरे दरपे आया सुदामा भिखारी ॥
आओ कन्हैया, आओ मुरारी...

आवो कन्हैया, छूटे अब दम है,
अगर अब ना आये तो माँ की कसम है ।
माँ की कसम सुनके, पहुँचे मुरारी,
तेरे दर पे आया सुदामा भिखारी ॥
आओ कन्हैया, आओ मुरारी...

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1474/title/aao-kanhayia-aao-murari-tere-dar-pe-aaya-sudama-bhikhari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |